दिनांकः 16.07.2024 समय : 18:30 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी ने कहा–राज्य सरकार की बजट घोषणाओं को निश्चित रूप से धरातल पर उतारा जाएगा।
- जम्मू–कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड में पांच सैन्यकर्मी वीरगति को प्राप्त–इनमें झुंझुनू जिले के भी दो सिपाही शामिल।
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने आयुर्वेद के प्राचीन ज्ञान को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया।
- मौसम विभाग ने आगामी चार–पांच दिन कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना जताई।

000

उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि राज्य सरकार ने जो बजट घोषणाएं की हैं, उन्हें निश्चित रूप से धरातल पर उतारा जाएगा। वित्तमंत्री ने आज विधानसभा में बजट पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा कि बजट पेश करने से पहले राज्य सरकार ने सभी हितधारकों से विस्तार से विमर्श किया था। उन्होंने कहा की यह विकसित राजस्थान का बजट है और इसमें सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

...............

वित्तमंत्री ने कहा कि प्रदेश की पिछली सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश पर 5 लाख 75 हज़ार करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्जा हो गया। इस दौरान दिया कुमारी ने विभिन्न विभागों से जुड़ी कई घोषणाएं भी कीं। इससे पहले बजट चर्चा में भाग लेते हुए प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कई विभागों के बजट कम करने पर राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद गहलोत

सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया। श्री जूली ने कहा कि कोटा में कोचिंग माफिया के कारण हर साल कई विद्यार्थी आत्महत्या करते हैं, इसे रोकने के लिए कोई प्रभावी कानून लाया जाना चाहिए।

000

जम्मू–कश्मीर के डोडा जिले में सेना और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड में सेना के एक अधिकारी सहित पांच सैन्यकर्मी वीरगति को प्राप्त हो गए। कल रात सेना और आतंकवादियों के बीच शुरू हुई मुठभेड में ये जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर राष्ट्रीय रायफल्स और जम्मू–कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल ने कल रात धारी गोटे इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान गोलीबारी में एक अधिकारी सहित पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी आज मृत्यु हो गई।

इनमें झुंझुनू जिले की बुहाना तहसील के सिपाही अजय सिंह और डूमोली कलां की खुबा ढाणी के बिजेन्द्र सिंह शामिल हैं। दोनों सिपाहियों की पार्थिव देह कल सुबह उनके पैतृक गांव लाई जाएगी।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सेना शोक संतप्त परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

वहीं झुंझुनू के दोनों जवानों के वीरगति को प्राप्त होने की सूचना के बाद उनके पैतृक गांव में शोक की लहर छा गई। भैसावत कलां के 10 आर आर गांव में सिपाही अजय सिंह नरूका के घर लोग सांत्वना देने के लिए पहुंच रहे हैं। सिपाही बिजेन्द्र सिंह सिंघाना क्षेत्र के डुमोली कलां की खुबा ढाणी के रहने वाले थे। उनके घर भी गांव वालों का तांता लगा हुआ है।

000

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि पुलिस स्टेशनों और पुलिस विभाग के नियंत्रण वाले स्थानों को गवाहों से पूछताछ के लिए निर्धारित नहीं किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के तहत सभी पुलिस स्टेशनों को ऑडियो–वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से गवाहों से पूछताछ के लिए एक निर्दिष्ट स्थान की पहचान करने के लिए कहा गया है।

000

पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने युवा आईपीएस अधिकारियों से कहा है कि वे अपने कॅरिअर में नई ऊंचाईयों को छूने और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सदैव सकारात्मकता को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाएं। श्री साहू आज उनसे मिलने गए आईपीएस के वर्ष 2023 के बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के भाव से स्वयं और दूसरों के सकारात्मक पक्षों पर फोकस करते हुए पुलिसिंग में नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण मालिनी अग्रवाल ने प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों के दल को राजस्थान पुलिस की विशेषताओं, कार्यशैली और प्रदेश में रोजमर्रा के कार्यों में चुनौतियों के बारे में जानकारी दी।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्राचीन भारतीय आयुर्वेद चिकित्सकीय ज्ञान को पुस्तकों, शास्त्रों से बाहर लाने और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुसार उसे विकसित करने की दृष्टि से काम करें। श्री मिश्र आज जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए अनुसंधानों ने प्रमाणित किया है कि आयुर्वेद असाध्य रोगों में भी बहुत कारगर है। इस पर विश्वविद्यालय को काम करने की जरूरत है। श्री मिश्र ने विश्वविद्यालय के पंचकर्म विभाग के अंतर्गत "अंतराष्ट्रीय सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेन्स" के निर्माण को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इससे आयुर्वेद पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, प्राकृतिक और योग संकाय के 2 हजार 416 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां दीं। उन्होंने विभिन्न संकायों के 11 विद्याथियों को स्वर्ण पदक भी दिये। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में नैचुरापैथी और योग महाविद्यालय भवन का ऑनलाइन लोकार्पण भी किया।

000

जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पंचकर्म विभाग में आज से ऋतु शोधन कार्यक्रम के तहत निःशुल्क बस्ति कर्म चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। 19 अगस्त तक लगने वाले इस शिविर का उद्घाटन संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद में वर्षा ऋतु में बस्ति चिकित्सा को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। बस्ति चिकित्सा शरीर में से विषाक्त पदार्थों को निकालने और पाचन तंत्र को मजबूत करने में सहायक है।

पंचकर्म विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर गोपेश मंगल ने बताया कि बस्ति चिकित्सा आयुर्वेद की एक प्रमुख पंचकर्म चिकित्सा है, जो पाचन तंत्र में सुधार के अलावा जोड़ो, मांसपेशियों और संधियों के दर्द तथा सूजन को कम करने में सहायक है। बस्ति चिकित्सा मानसिक तनाव, चिंता और अन्य मानसिक विकारों को कम करने में भी सहायक होती है।

...............

000

राज्य के ज्यादातर जिलों में मॉनसून की बारिश जारी है। पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर तेज बरसात हुई है। बूंदी में आज तेज बारिश से सड़कों पर पानी जमा हो गया। नीम का थाना और बूंदी में भारी बारिश से निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। अलवर में अच्छी वर्षा के समाचार हैं। इसके अलावा चुरू, झुंझुनूं, सीकर, बारां, चित्तौड़गढ़, सिरोही, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़, पाली और अजमेर सहित कई अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बरसात हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर आगामी चार–पांच दिन मॉनसून सक्रिय रहने के आसार हैं। इससे कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। कल और परसों बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने से कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने के आसार हैं। कल जोधपुर संभाग और परसों शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है।

000

झालावाड ज़िले के झालरापाटन सुनेल और चोमेला में आज शिया मुस्लिम दाऊदी बोहरा समाज मुहर्रम मना रहा है। बोहरा समुदाय के लोग पिछले दस दिनों से अपने सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। आज लोगों ने रोजा रखकर बुरहानी मस्जिदों में इबादत की और मातम मनाया।

000

नीट पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण अभिकरण ने कल रात झारखंड के हज़ारीबाग के एक गेस्ट हाउस से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही हज़ारीबाग़ से अब तक पांच लोगों की गिरफ़्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गये हैं।

000